CCPS 20 YEARS
CENTER FOR CHEMICAL PROCESS SAFETY
An AIChE Industry Technology Alliance

# क्रियाओं में बचाव का आकाशद्वीप


http: //www.aiche.org/ccps/safetybeacon.htm

कार्य में लिप्त व्यक्तियों के लिए एक संदेश

विश्व की सभी प्राकृतिक आपदाओं और कटरीना चक्रवात से प्रभावित लोगों को समर्पित

## कटरीना चक्रवात – आपतकालीन बचाव एवं रिकवरी

नवम्बर 2005



अगस्त 2005 में अमरीका के खाड़ी समुद्रीतट पर आये कटरीना चक्रवात से 1000 से अधिक जानें गई और अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। विवेचक तेल एवं रसायन कारखानें भी इस तूफान से प्रभावित हुये। कटरीना, 2004 की सूनामी और अन्य प्राकृतिक आपदायें जैसे बाढ़, भूकंप, बर्फीला तूफान, भ्रभर इत्यादि यह दर्शाते हैं कि हम में से कोई भी इनके आक्रमण को झेलने की क्षमता नहीं रखता। एक सामान्य फैक्टरी दुर्घटना से लेकर लाखों लोगों को बेघर करती प्राकृतिक आपदायें – सभी हमें हर कदम पर आपतकालीन तैयारी की याद दिलाते हैं। उपयुक्त प्लान व उसकी तैयारी, नुकसान कम करने व बचाव में अहम् भूमिका निभाते हैं।

### क्या आप जानते हैं?

➢ हर स्थान – फैक्टरी, डिपो, गौदाम, प्रयोगशाला या दफ्तर – सभी में प्राकृतिक व मानवीय आपदाओं से बचने के लिए इंतजाम होने चाहिए। क्या आपके यहाँ उपयुक्त इंतजाम है?

➢ हर व्यक्ति का कार्य अनिवार्य है। कुछ लोग जैसे अग्नि शमन व प्लांट के मुख्य ऑपरेटर सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं जबकि अन्य को प्लांट खाली करवाने की जिम्मेदारी सम्भालनी होती है।

➢ एक अच्छे बचाव कार्य के लिए पूर्व अभ्यास भी आवश्यक है। और इसीलिए अग्नि–ड्रिल एवं अन्य टैस्ट किये जाने चाहिए। ड्रिल करके इसकी खामियों को ढूंढे और इसे बेहतर बनाएं।



1999 में तुर्की में भूकंप के बाद लगी आग →

← 2003 में जापान में भूकंप के बाद का नज़ारा



PSID के सदस्य मुफ्त खोज के लिए देखें: Hurricane

### आप क्या कर सकते हैं?

➢ अपने क्षेत्र के आपतकालीन प्लान को समझें और अपनी जिम्मेदारियों को सम्भालें।

➢ ड्रिल्स में भाग ले और उन्हें गम्भीरतापूर्वक लें।

➢ अपने परिवार के लिए भी निजी आपतकालीन बचाव प्लान बनाएं। आपके क्षेत्र में होने वाली आपदायें जैसे चक्रवात, भ्रभर, भूकंप, आग इत्यादि के अनुसार प्लान बनाएं और उसे अन्य लोगों के साथ बांटे। परिवार में हर व्यक्ति को इसकी जानकारी और उस पर अमल सुनिश्चित करें। बिछुड़ने की स्थिति में संपर्क साधने का तरीका भी सोच लें।

➢ उत्तम आपतकालीन बचाव ही एक उत्तम तैयारी का परिणाम है। अतः सदैव तैयार रहें।



## उचित आपतकालीन प्रबन्धन– शून्य दुघर्टना!

AIChE© 2005, सभी अधिकार सुरक्षित। पुनः ब्रिक्री निषेध है। अव्यवसायिक व शिक्षा कारणों के लिए पुनः जारी करें। लिखें या बात करें: ccps_beacon@aiche.org ; 212-591-7319

यह आकाशद्वीप साधारणतया अंग्रेजी, जर्मन, स्पैनिश, फ्रैंच, पुर्तगाली, डच, हिन्दी, अरबी, हैब्रियू, इटालियन एवं चीनी में उपलब्ध होता है। अधिक जानकारी के लिए लिखें – ccps_beacon@aiche.org
This document has been translated with the help of Cholamandalam MS Risk Services Ltd., India. :-www.cholarisk.com.